# प्रारुप--11

परियोजना का नामः-- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज नवम् के अन्तर्गत प्रस्तावित चौपड़ियाल गांव से सौड़ मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से खुरैत मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 5.00 किमी0, स्टेज--प्रथम

प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुये विस्तृत आख्या प्रस्ताव के साथ संलग्न है।

| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|
| पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0--2 | पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0--2 | पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0--2 |
| नई टिहरी | नई टिहरी | नई टिहरी |

# JUSTIFICATION FOR LOCATIING THE PROJECT IN FOREST

परियोजना का नामः– **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज नवम् के अन्तर्गत प्रस्तावित चौपड़ियाल गांव से सौड़ मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से खुरैत मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 5.00 किमी0, स्टेज–प्रथम**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल में चौपड़ियाल गांव से सौड़ मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से खुरैत मोटर मार्ग (लम्बाई 5.00 किमी0) स्वीकृत है, ग्राम खुरैत जनपद टिहरी गढ़वाल का दुर्गम ग्राम है। जिसकी जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय रोड़ हेड चौपड़ियाल गांव सौड़ मोटर मार्ग के किमी0 12.00 तक दूरी 32.00 किमी0 तथा विकास खण्ड मुख्याल से रोड़ हेड दूरी 22 किमी0 है। रोड़ हेड चौपड़ियाल गांव से सौड़ मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से ग्राम खुरैत तक पैदल सम्पर्क मार्ग की दूरी 4.00 किमी0 है। वर्ष 2001 की जनगणन के अनुसार ग्रमा खुरैत की जनसंख्या 364 वर्तमान समय तक किसी भी मार्ग से नहीं जुड़ा है। ग्राम खुरैत के चारों ओर से आरक्षित वन भूमि है, जिस कारण आरक्षित वन भूमि के अन्तर्गत ही मार्ग निर्माण किया जाना सम्भव है, जिसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। मार्ग निर्माण कार्य हेतु 02 समरेखणों पर विचार किया गया। समरेखण 05 में चार हियर पिन बैण्ड आने के कारण प्रभावित एवं पातन किये जाने वाले वृक्षों की संख्या अधिक होने के कारण, समरेखण पर तीव्र ढाल होने के कारण एवं ग्राम सभा, भूमिधरों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की आपत्ति के कारण निरस्त किया गया है।

समरेखण 01 – चौपड़ियाल गांव सौड़ मोटर मार्ग किमी0 12.00 से प्रारम्भ होता है जो अनारक्षित वन भूमि सकलान रेंज चम्बा, नरेन्द्रनगर वनप्रभाग के अन्तर्गत आता है। जिसमें मार्ग की 2250 मी0 लम्बाई आरक्षित वन भूमि नरेन्द्रनगर वन प्रभाग के अन्तर्गत आती है, 600.00 मी0 लम्बाई सिविल सोयम एवं 2150 मी0 लम्बाई नाप भूमि के अन्तर्गत आ रही है। इस भाग पर मार्ग की चौड़ाई 9.00 मी0 ली गयी है।

अतः प्रस्तावित मार्ग की कुल लम्बाई 5000.00 मी0 में 2.025 है0 आरक्षित वनभूमि नरेन्द्रनगर वन प्रभाग के अन्तर्गत, 0.540 है0 सिविल सोयम भूमि तथा 1.935 है0 नाप भूमि प्रभावित होती है। मार्ग के समरेखण में वन पंचायत भूमि प्रभावित नहीं हो रही है।

प्रस्तावित समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण से यह मार्ग वन विभाग के लिये भी एक फायर लाईन का काम करेगी एवं ग्रीष्म ऋतु में वनों में लगने वाली आग भी ससमय पर बुझाई जा सकेगी।

ग्राम खुरैत में उन्नत कृषि भूमि होने के कारण ग्रामीणों का प्रमुख व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन है। मार्ग निर्माण से ग्रामीण अपनी फसल एवं दुग्ध उत्पादित पदार्थो को नजदिकीय बजार में ले जाकर बेच सकेंगे, जिससे स्थायी रोजगार उत्पन्न होगा। जिससे देश की प्रोडोक्टविटि में वृद्वि होगी एवं ग्रामीणों को रोजगार का साधन बढेगा। प्रस्तावित मार्ग निमार्ण से ग्रामीणों का निकटतम बाजारों में, विकासखण्ड मुख्यालय, तहसील एवं जिला मुख्यालय तक आवागमन आसान रहेगा। इस मार्ग निर्माण से उत्तराखण्ड के इस भाग मे भी टुरिज्म के अवसर पैदा होंगे। मोटर मार्ग निर्माण होने से ग्रामीणों के बच्चे शिक्षा हेतु समीप के हाईस्कूल इण्टरमिडियट एवं स्नातक विद्यालय में पढ़ने हेतु जायेगे। जिससे ग्रामीणों के शिक्षा स्तर में भी बढ़ोतरी होगी तथा मोटर मार्ग निर्माण होने से ग्रामीणों को स्वॉस्थ्य सुविधा भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। मोटर मार्ग निर्माण होने से सरकार की ग्रामीण विकास योजनायें भी सुचारु रुप से क्रियान्वयन हो सकेगी और ग्रामीण तीव्र गति से विकास करेंगे।

समरेखण –01 मात्र एक ऐसा समरेखण है, जिसकी लम्बाई कम है, जिसमें आरक्षित वनभूमि न्यूनतम प्रभावित हो रही है एवं न्यूनतम वृक्षों का पातन किया जाना है। अतः मार्ग निर्माण हेतु समरेखण–1 को उचित पाया गया है। उक्त समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई भूमि उपलब्ध नहीं है।

अतः चौपड़ियाल गांव सौड़ मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से खुरैत मोटर मार्ग का निर्माण अत्यन्त आवश्यक है, जिसके लिये वनभूमि हस्तान्तण की आवश्यकता होगी।

| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|
| पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0–2 | पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0–2 | पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0–2 |
| नई टिहरी | नई टिहरी | नई टिहरी |